पाँचदविसीय अंतर्राष्ट्रीय वन मेला का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

22 दसिंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शविराज सहि चौहान ने भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजति होने वाले पाँचदविसीय अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ कयिा। यह मेला 26 दसिंबर, 2021 तक चलेगा।

प्रमुख बदिु

- इस अंतर्राष्ट्रीय वन मेला का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा कयिा जा रहा है। मेले की थीम 'लघु वनोपज से स्वास्थ्य सुरक्षा'है।
- इसके आयोजन का मुख्य उद्देश्य वनोपज उत्पाद से जुड़े हतिग्राहयिों को बेहतर बाज़ार और वनोपज का अधकि-से-अधकि मूल्य दलिवाना है। इसमें भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका के वषिय वशिषज्ञ आभासी तरीके से भाग लेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय मेले में वन वभिाग की योजनाओं पर केंद्रति प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले में दुर्लभ कस्मि की जड़ी-बूटयिाँ और वन समतियिों एवं वन-धन केंद्रों द्वारा तैयार कयिे गए उत्पाद आम लोगों को उपलब्ध हो सकेंगे।
- उल्लेखनीय है कि मेले में अकाष्ठीय वनोपज, औषधीय पौधों, वनोपज से जुड़े संग्राहकों, व्यापारयिों, उद्यमयिों, वैज्ञानकिों, प्रशासकों और नीत-िनरि्धारकों को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। वनों से महुआ, अचार, गुठली, चरिौंजी, शहद, जड़ी-बूटी आद संचति करने वाले वनवासयिों को शासन की सहायता से एक अच्छा बाज़ार और व्यापार का अवसर मलि सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/five-day-international-forest-fair-inaugurated